**सुविचार**

जीवन का उद्देश्य उपयोगी और दयालु होना है। दूसरों की मदद करने से जीवन को अर्थ और खुशी मिलती है।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर
सच की सीधी आवाज

वर्ष : 1 | अंक : 2 | पंचकूला। शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## भाजपा का रोष प्रदर्शन, राहुल गांधी का फूंका पुतला

पंचकूला ऑजर्वर



**पंचकूला, 05 फरवरी।** संसद भवन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भाजपा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को अपशब्द कहे जाने के विरोध में पंचकूला के सैक?ों भाजपा नेताओ और कार्यकर्ताओ ने पंचकूला सेक्टर 5 के गीता चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका।

इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओ ने राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाए और राहुल गाँधी के इस्तीफे की मांग की। रोष प्रदर्शन में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार प्रवीण अत्रे, पूर्व नगर महापौर कुलभूषण गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, जिला महामंत्री जय कौशिक, जिला मंत्री अमरिंदर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी के. चन्दन, वरिष्ठ नेता श्यामलाल बंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष विशाल सेठ, महिला मोर्चा कार्यकारी जिला अध्यक्ष अनुराधा पूरी, मंडल महामंत्री पुष्पा सिंहरोहा, जिला पदाधिकारी पदाधिकारी सुशील सिंगला, संजीव शर्मा, भाजयुमो नेता बिंदर गुर्जर, जिला सचिव संगीता बैंसला सहित पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार प्रवीण अत्रे ने कहा, राहुल गाँधी के गद्दार वाले बयान से सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि पंजाब सहित पूरे देश की जनता नारा? और गुस्से में है। प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी से तत्काल पूरे देश और सिख समाज से सार्वजनिक मा?ी की मांग की। नगर महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि राहुल गाँधी के लीडरशिप में कांग्रेस पार्टी निम्न स्तर की राजनीति कर रही है, जो उनकी हताशा और निराशा का परिणाम है। जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा ने कहा, राहुल गांधी अपनी बद?ुबानी और ब?बोलेपन की वजह से पूरे देश में हंसी के पात्र बन चुके है। गौरतलब है, कल बुधवार को बजट सत्र के दौरान संसद भवन के प्रवेश द्वार पर राहुल गांधी ने कैबिनेट मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहा था, इस बयान के विरोध में भाजपा देश भर में रोष प्रदर्शन कर रही है।

## नई उद्योग नीति पर उद्योग जगत से विस्तृत चर्चा आवश्यक : अरुण ग्रोवर

- **हरियाणा सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों में असीमित ऊंचाई तक निर्माण की अनुमति देने की प्रस्तावित नीति को लेकर उद्योग जगत में सकारात्मक माहौल**

संजीत कुमार सिंह



**पंचकूला।** हरियाणा सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों में असीमित ऊंचाई तक निर्माण की अनुमति देने की प्रस्तावित नीति को लेकर उद्योग जगत में सकारात्मक माहौल है। इस विषय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पंचकूला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष, प्रोग्रेसिव पंजाबी सभा पंचकूला के अध्यक्ष तथा हरियाणा सरकार की इंडस्ट्री लेबर-फ्रेंडली काउंसिल के सदस्य एवं वरिष्ठ उद्योगपति अरुण ग्रोवर ने कहा कि यह नीति औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसके प्रभावी क्रियान्वयन से पूर्व इस पर उद्योग से जुड़े सभी पक्षों के साथ विस्तृत चर्चा आवश्यक है।

अरुण ग्रोवर ने कहा कि वे 40 वर्ष से अधिक समय से औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत हैं और उद्योग संचालन के साथ-साथ श्रम विभाग से जुड़े होने के कारण उद्योगों तथा श्रमिकों से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं और आवश्यकताओं को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को ऊँचाई बढ़ाने की अनुमति मिलने से भूमि की कमी की समस्या का समाधान होगा, उद्योगों को विस्तार का अवसर मिलेगा और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि पंचकूला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष होने के नाते उनकी यह राय है कि इस नीति पर उद्योगपतियों, व्यापार संगठनों, श्रम विभाग तथा प्रशासन के बीच खुला और सार्थक संवाद होना चाहिए, ताकि ज़मीनी स्तर की समस्याओं को समझते हुए एक संतुलित और व्यावहारिक नीति लागू की जा सके।

अरुण ग्रोवर के अनुसार यदि उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस नीति को अंतिम रूप दिया जाता है और इसे शीघ्र लागू किया जाता है, तो इसका सीधा लाभ सरकार को भी मिलेगा। इससे राज्य में निवेश बढ़ेगा, राजस्व में वृद्धि होगी और बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि नई उद्योग नीति को लागू करने से पूर्व सभी संबंधित पक्षों से सुझाव आमंत्रित किए जाएँ, ताकि यह नीति उद्योगों, श्रमिकों और सरकार–तीनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सके।

## शक्तिरानी शर्मा ने तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया

पंचकूला ऑजर्वर



**पंचकूला।** कालका की विधायक शक्तिरानी शर्मा और पंचकूला भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिवालिक विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन ओम प्रकाश देवीनगर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट में आयोजक एवं टूर्नामेंट प्रबंधक पंकज लिड्डू और विपिन लिड्डू ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यह क्रिकेट टूर्नामेंट उनकी दादी तीज माल की स्मृति में प्रारंभ किया गया था, जो पिछले कई वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा है। अब इस टूर्नामेंट ने विभिन्न राज्यों में भी अपनी पहचान बना ली है।

विपिन लिड्डू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें विभिन्न प्रदेशों की टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट का शुभारंभ 4 फरवरी को किया गया है, जबकि फाइनल मुकाबला और समापन समारोह 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में लगभग 5 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि रखी गई है। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर सहित अन्य श्रेणियों में भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों ही खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे टूर्नामेंट युवाओं को मंच प्रदान करते हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिला महामंत्री जय कौशिक, महिला जिला प्रधान अनुराधा पुरी, मंडल महामंत्री पुष्पा सिंहरोहा, अजय कुंडलस, निर्मल चंद धीमान, रंजीत सिंह, दीपक कुमार, बबली शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### हरियाणा सरकार प्रभावी खेल नीतियां लागू कर रही

विधायक शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी खेल नीतियां लागू कर रही है। खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों, पुरस्कारों और विभिन्न सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

## दीपक गर्ग ने वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार से की शिष्टाचार भेंट



**पंचकूला।** सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े दीपक गर्ग ने हरियाणा सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के विकास, सामाजिक सरोकारों और जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

भेंट के दौरान भाई दीपक गर्ग ने मंत्री कृष्ण लाल पवार को क्षेत्र की जमीनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से शहरी विकास, स्वच्छता, रोजगार, युवाओं के लिए कौशल विकास, सामाजिक समरसता और आम नागरिकों की सुविधाओं से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया। दीपक गर्ग ने कहा कि सरकार और समाज के बीच संवाद जितना मजबूत होगा, उतनी ही प्रभावी तरीके से जनसमस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा। वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार ने भाई दीपक गर्ग की सामाजिक सक्रियता और जनहित के प्रति उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। मंत्री पवार ने आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़े सुझावों और मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा जहां आवश्यक होगा, संबंधित विभागों को उचित दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

मुलाकात के दौरान प्रदेश में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान पर भी चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग से ही समाज और प्रदेश को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

## रिहायशी व व्यवसायिक संपत्तियों की ई-नीलामी को जबरदस्त उत्साह मिला

संजीत कुमार सिंह

**पंचकूला।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पंचकूला में कराई गई रिहायशी व व्यावसायिक संपत्तियों की ई-नीलामी को जबरदस्त उत्साह मिला। नीलामी के दौरान सेक्टर-26, 27, 28 और सेक्टर-4 के रिहायशी प्लॉट्स निवेशकों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहे। इन सेक्टरों में बेहतर लोकेशन और सुविधाओं के चलते ऊंची बोली लगाई गई। सेक्टर-28 में प्लॉट नंबर 219-पी (231 वर्ग गज) की बोली 4 करोड़ 9 लाख 24 हजार 100 रुपये पर जाकर थमी। वहीं इसी सेक्टर में प्लॉट नंबर 195-पी (136.96 वर्ग गज) का मूल्य 2 करोड़ 90 लाख 36 हजार 100 रुपये तय हुआ।

सेक्टर-26 में प्लॉट नंबर 149-पी (420 वर्ग गज) नीलामी का सबसे महंगा रिहायशी प्लॉट रहा, जो 11 करोड़ 66 लाख 67 हजार 100 रुपये में बिका। सेक्टर-28 में 50 वर्ग गज का छोटा प्लॉट नंबर 44-पी भी 96 लाख 63 हजार 400 रुपये में बिका, जिसने सभी को चौंका दिया। इसके अलावा सेक्टर-28 में प्लॉट नंबर 227-पी (231 वर्ग गज) 3 करोड़ 8 लाख 58 हजार 100 रुपये, प्लॉट नंबर 1495-पी (252.84 वर्ग गज) 4 करोड़ 96 लाख 77 हजार 200 रुपये और प्लॉट नंबर 1565-पी (185 वर्ग गज) 4 करोड़ 63 लाख 23 हजार 900 रुपये में बिका।

## अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने हेतु 118 लोगों ने हरियाणा न्यू सिविल सेक्रेटेरिएट सेक्टर 17 चंडीगढ़ में किया रक्तदान



**पंचकूला।** अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने हेतु डॉ सुमिता मिश्रा आईएएस फाइनेंशियल कमिश्नर रिवेन्यू और एडिशनल चीफ सेक्रेटरी हरियाणा सरकार की प्रेरणा से हरियाणा न्यू सिविल सेक्रेटेरिएट के स्टाफ द्वारा निफा चंडीगढ़, श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, पंचकूला, महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा कमेटी के सहयोग से हरियाणा न्यू सिविल सेक्रेटेरिएट में मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान जागरूकता शिविर लगाया गया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन श्रीमती हेमा शर्मा आइएएस सेक्रेटरी रिवेन्यू एंड डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्मेंट हरियाणा सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने कर्मचारियों का आहवान किया कि वह इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और एक स्वस्थ व्यक्ति का इंसानी, नैतिक और सामाजिक दायित्व बनता है कि वह स्वंय को रक्तदान के लिए तैयार रखे और हर स्वस्थ व्यक्ति को इसलिए भी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रक्तदान शिविर में रघुबीर सिंह, अमरजीत सिंह, गौरव कुमार, जय नारायण, नरेंद्र कुमार, रोहित का विशेष योगदान रहा।

निफा चंडीगढ़ एवं श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर रमेश नारंग एवं प्रधान राकेश कुमार संगर ने बताया कि आजकल लगभग सभी अस्पतालों में रक्त एवं रक्त कंपोनेंट्स की बहुत कमी है और रक्तदान का मकसद उन मरीजों की मदद करना है, जिनकी जिंदगी की डोर रक्त की कमी से कमजोर पड़ जाती है और हमारी संस्था द्वारा लगभग हर रोज रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। आज रक्तदान जागरूकता शिविर में 118 लोगों ने रक्तदान किया और 19 को सेहत सम्बंधित कारणों से रक्तदान करने से मना किया। इस अवसर पर हरियाणा न्यू सिविल सेक्रेटेरिएट के स्टाफ एवं निफा चंडीगढ़ एवं श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के गुलशन कुमार, दीपक शर्मा, शुभकरण शर्मा, राजकुमारी, विनीत जगोता, शिवांजलि, मुकेश बंसल, एनएन पुरी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रक्तदाताओं को प्रशंशा पत्र, समृति चिन्ह एवं बेज देकर प्रोत्साहित किया।

## अखिल भारतीय गौरक्षा सेवा संघ करेगा गोमाता का संरक्षण : अक्षय गर्ग



**पंचकूला।** अखिल भारतीय गौ रक्षा सेवा संघ के चेयरमैन अक्षय गर्ग ने गौ माता के संरक्षण और संवर्धन को लेकर एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य बेसहारा और बीमार गायों को सुरक्षित आश्रय, उपचार और नियमित चारे की व्यवस्था उपलब्ध कराना है। उनकी इस पहल के लिए श्री शिव साई सेवा समिति के चेयरमैन राकेश गर्ग बिट्?टू ने मुलाकात कर बधाई दी।

अक्षय गर्ग ने बताया कि संगठन द्वारा विभिन्न राज्यों में गौशालाओं को आर्थिक सहयोग, हरा चारा, दवाइयां और पशु चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही गौ तस्करी और गौ वध के खिलाफ जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि समाज में गौ संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। राकेश गर्ग बिट्?टू ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है और उसका संरक्षण हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। संगठन युवाओं और सामाजिक संस्थाओं को साथ जोड़कर सेवा कार्यों को और व्यापक रूप देने का प्रयास कर रहा है। अक्षय गर्ग ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास की गौशालाओं से जुड़ें, यथासंभव सहयोग करें और घायल या बेसहारा गाय की सूचना संबंधित संस्थाओं को दें। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से ही गौ संरक्षण का संकल्प सफल हो सकता है।

## समाजसेवा से सस्टेनेबिलिटी तक... अमिता मारवाह की छत पर खिली ऑर्गेनिक मुस्कान



**पंचकूला।** समाजसेवा के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम अमिता मारवाह, जिन्होंने पिछले 13 वर्षों से एएमएटी सोसाइटी के जरिए शिक्षा की अलख जगाई है, अब एक नई %हरित क्रांति% का चेहरा बन गई हैं। उन्होंने अपनी घर की छत को कंक्रीट के ढेर से बदलकर एक लहलहाते %ऑर्गेनिक स्वर्ग% का रूप दे दिया है।

अमिता जी के लिए यह बगीचा केवल हरियाली ब?ाने का जरिया नहीं, बल्कि आध्यात्मिक सुकून का एक स्रोत है। उनके छत पर रखे %ग्रो बैग्स% में आज बिना किसी रासायनिक खाद के, शुद्ध और ताजी सब्जियां फल-फूल रही हैं। इस अनुभव को साझा करते हुए वे कहती हैं, ÷पौधों के साथ बिताए गए रोजाना के 2-3 घंटे किसी गहरे ध्यान की तरह हैं। मिट्टी से जु?ना और बीजों को जीवन लेते देखना एक विस्मयकारी अनुभव है, जो आत्मा को तृप्त कर देता है।÷

उनका मानना है कि यदि नीयत साफ हो और धैर्य रखा जाए, तो प्रकृति अपनी उदारता दिखाने में कभी पीछे नहीं रहती। प्रेम से की गई देखभाल के बदले प्रकृति हमें न केवल शुद्ध आहार देती है, बल्कि असीमित सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करती है।

वर्ष 2026 के इस समय में, जब मिलावट एक ब?ी समस्या है, अमिता मारवाह का यह प्रयास %आत्मनिर्भरता% का एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने पंचकूला के निवासियों से आह्वान किया है कि वे अपनी छतों पर अपना छोटा सा बगीचा विकसित करें। उनका यह %सोलफुल% मिशन हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य और खुशहाली की ओर लौटने के लिए बस एक छोटे से बीज और सच्ची लगन की जरूरत है।

**परंपरा** | श्रीमुक्ति नाथ वेद विद्याश्रम में 27 विद्यार्थियों का उपनयन संस्कार वैदिक विधि-विधान से सपन्न

## वेदमंत्रों की दिव्य नादधारा से आलोकित हो उठा गुरुकुल परिसर

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज



**पंचकूला।** श्रीमुक्तिनाथ वेद विद्याश्रम (संस्कृत गुरुकुल) में वैदिक परम्परा के अनुरूप 27 विद्यार्थियों का उपनयन संस्कार अत्यन्त श्रद्धा, आस्था एवं विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर सम्पूर्ण गुरुकुल परिसर वेदमंत्रों की दिव्य नादधारा, प्रज्वलित यज्ञाग्नि की पवित्र प्रभा एवं गहन आध्यात्मिक चेतना से आलोकित हो उठा। संस्कार की समस्त विधियों का विधिवत् संचालन गुरुकुल के कुलाचार्य पूज्य स्वामी श्रीनिवासाचार्य जी महाराज के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वैदिक मर्यादा के अनुसार गायत्री मंत्र की दीक्षा प्रदान की गई। गुरुदेव ने कहा कि उपनयन संस्कार केवल एक परम्परागत अनुष्ठान नहीं, बल्कि बालक के जीवन में आध्यात्मिक अनुशासन, बौद्धिक जागरण एवं नैतिक संस्कारों की सुदृढ़ आधारशिला है।

उन्होंने प्रतिपादित किया कि आध्यात्मिक दृष्टि से उपनयन का तात्पर्य गुरु के सान्निध्य में प्रवेश है। इसी संस्कार के माध्यम से बालक को गायत्री मंत्र की दीक्षा प्राप्त होती है, जिससे उसकी बुद्धि परिष्कृत होती है तथा आत्मबोध एवं आत्मचिन्तन की प्रवृत्ति सुदृढ़ होती है।


शास्त्रों में उपनयन को 'द्वितीय जन्म' की संज्ञा दी गई है, क्योंकि इसके पश्चात् बालक केवल देहगत ही नहीं, अपितु बौद्धिक एवं आध्यात्मिक रूप से भी जाग्रत अवस्था में प्रवेश करता है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री कैलाश चन्द मित्तल जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने ब्रह्मचारी बटुकों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल, संयमित एवं संस्कारमय जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। कार्यक्रम में माता मनसा देवी परिसर के सदस्य श्री ईश्वर चन्द्र जिन्दल, गुरुकुल के अध्यक्ष श्री मुकुल बंसल, माता मनसा देवी संस्कृत महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा सिंह, समाजसेवी श्री अजय शर्मा सहित मुकेश आंगिरस, देवराज शर्मा, एस.के. ऋषि, नरेश मित्तल, संजीव गुप्ता, अशोक पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं विद्यार्थियों के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### उपनयन संस्कार का विशेष महत्व

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी उपनयन संस्कार का विशेष महत्व है। गायत्री मंत्र का नियमित जप चित्त को एकाग्र करता है, मानसिक विक्षेप को शान्त करता है तथा स्मरणशक्ति के विकास में सहायक सिद्ध होता है। आधुनिक विज्ञान इसे ध्यान का एक प्रभावी एवं वैज्ञानिक स्वरूप मानता है। वहीं यज्ञोपवीत शरीर में संयम, मर्यादा एवं अनुशासन का सतत स्मरण कराता है, जिसका हृदय एवं नाभि क्षेत्र के समीप स्थित रहना प्राण ऊर्जा के संतुलन से भी सम्बद्ध माना गया है।

# बलजिंदर सिंह बंटी ने पंजाब राज्य वन विकास निगम के वाइस चेयरमैन के रूप में संभाला पदभार

- वन मंत्री लाल चंद कटारूचक और रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत की उपस्थिति में संभाला पद



**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** बलजिंदर सिंह बंटी ने आज सेक्टर-68, मोहाली स्थित वन परिसर में पंजाब राज्य वन विकास निगम (पी.एस.एफ.डी.सी.) के नए वाइस चेयरमैन के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री लाल चंद कटारूचक, रक्षा सेवाएं कल्याण, स्वतंत्रता सेनानी एवं बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में यह पद संभाला।

इस अवसर पर वन मंत्री लाल चंद कटारूचक ने बलजिंदर सिंह बंटी को यह प्रतिष्ठित जिम्मेदारी सौंपने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए वाइस चेयरमैन वन विभाग के विकास-केंद्रित एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे, जो पौधरोपण और हरियाली बढ़ाने पर केंद्रित है।

नवनियुक्त वाइस चेयरमैन को बधाई देते हुए कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि इस नियुक्ति के द्वारा जमीन से जुड़े एक समर्पित कार्यकर्ता को सम्मान दिया गया है।

राष्ट्रीय संयोजक 'आप' अरविंद केजरीवाल, पंजाब मामलों के प्रभारी मनीष सिसोदिया, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक द्वारा उन पर विश्वास जताने के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए वाइस चेयरमैन बलजिंदर सिंह बंटी ने भरोसा दिलाया कि वे उम्मीदों पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा पंजाब गऊ सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन कीमती भगत, पंजाब राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष राकेश पुरी, मुख्य वन्यजीव वार्डन बसंता राज कुमार और ए.पी.सी.सी.एफ. एवं सी.ई.ओ. (पनकैंपा) सौरभ गुप्ता भी उपस्थित थे।

### मान सरकार ने तकनीकी शिक्षा में अनाथ और नेत्रहीन युवाओं के लिए वित्तीय बाधाओं को किया दूर

# चीमा बोले- मान सरकार ने 'कोपा' ट्रेड में अनाथ व नेत्रहीन विद्यार्थियों की आईटीआई फीस की माफ

- कहा-पंजाब सरकार ने 9 सरकारी आई.टी.आई. में 'कोपा' कोर्स के लिए 100 फीसदी फीस माफी को दी मंजूरी



**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक बड़ा जन-हितैषी निर्णय लेते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई.टी.आई.) में कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा-वी.आई.) ट्रेड में दाखिला लेने वाले अनाथ एवं नेत्रहीन विद्यार्थियों की प्रशिक्षण फीस माफ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इस संबंध में फाइल को मंजूरी दिए जाने के बाद इस निर्णय की पुष्टि करते हुए पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह कदम भगवंत मान सरकार की उस दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि आर्थिक तंगी कभी भी जरूरतमंद विद्यार्थियों की व्यावसायिक प्रगति में बाधा नहीं बननी चाहिए।

वित्त मंत्री ने बताया कि अनाथ आश्रमों और नेत्रहीन बच्चों के लिए स्थापित स्कूलों से आने वाले विद्यार्थी अब 'कोपा-वी.आई.' ट्रेड के लिए 100 फीसदी फीस माफी के पात्र होंगे। यह लाभ वर्तमान समय में यह कोर्स चला रहे 9 सरकारी संस्थानों में लागू किया जाएगा।

इस निर्णय के पीछे के तर्क की व्याख्या करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि हालांकि फीस माफी से राजस्व पर प्रभाव पड़ेगा, लेकिन सरकार इसे वित्तीय बोझ के बजाय मानव पूंजी में एक महत्वपूर्ण निवेश के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर 29 जनवरी 2026 को हुई बजट बैठकों के दौरान विस्तार से चर्चा की गई थी, जहां संबंधित प्रशासनिक विभाग की सिफारिशों की जांच-पड़ताल के बाद यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मंजूरी दी गई कि तकनीकी शिक्षा समाज के हर वर्ग तक सुलभ बनी रहे।

### सरकार पंजाब को कौशल विकास और जीवी डिजिटल साक्षरता में अग्रणी हो बनाने के लिए प्रतिबद्ध

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आगे कहा कि उनकी सरकार पंजाब को कौशल विकास और जीवी डिजिटल साक्षरता में अग्रणी हो बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'कोपा-वी.आई.' ट्रेड में हमारे विशेष जरूरतों वाले और अनाथ युवाओं के लिए वित्तीय बोझ हटाकर पंजाब सरकार उन्हें तकनीकी दक्षता प्राप्त करने तथा तेजी से बढ़ रहे आई.टी. क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करने के लिए समान अवसर प्रदान कर रही है।

# घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए जालंधर में सांझ राहत केंद्र का उद्घाटन

- स्पेशल डीजीपी गुरप्रीत कौर दिओ द्वारा केंद्र का उद्घाटन, कम्युनिटी पुलिसिंग और महिलाओं की सुरक्षा के लिए बताया महत्वपूर्ण कदम



पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज

**जालंधर, 5 फरवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसार पीड़ित-केंद्रित पुलिसिंग और महिलाओं के लिए सहायता व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब पुलिस ने जालंधर के सिविल अस्पताल में घरेलू हिंसा की पीड़ितों के लिए एक समर्पित सहायता केंद्र 'सांझ राहत केंद्र' की स्थापना की है।

यहां केंद्र का उद्घाटन करते हुए कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन एवं महिला मामलों की स्पेशल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (स्पेशल डीजीपी) गुरप्रीत कौर दिओ ने कहा कि यह केंद्र सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से परेशानियों का सामना कर रही महिलाओं को समय पर मानसिक-सामाजिक और कानूनी सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर स्पेशल डीजीपी के साथ पुलिस कमिश्नर (सीपी) जालंधर धनप्रीत कौर भी मौजूद थीं।

यह केंद्र कमिश्नरेट पुलिस, जालंधर के नेतृत्व में एक सहयोगी प्रयास है, जिसे पीड़ितों के लिए आसान पहुंच और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल परिसर में स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य जल्द से जल्द समस्याओं का पता लगाकर तुरंत परामर्श, कानूनी मार्गदर्शन और पुनर्वास संबंधी सहायता सहित एकीकृत सहायता प्रदान करना है।

स्पेशल डीजीपी गुरप्रीत कौर दिओ ने घरेलू हिंसा के समाधान के लिए त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया और मजबूत अंतर-विभागीय समन्वय की विशेष आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सांझ राहत केंद्र पीड़ितों को आवश्यक सहायता जैसे कानूनी मदद, पेशेवर परामर्श, आश्रय गृह या सरकारी कल्याण योजनाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यह कदम महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण सृजन के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में आने वाली पीड़ितों की सहायता के लिए इन केंद्रों में मनोविज्ञान और समाज कार्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित सलाहकार तैनात किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह केंद्र पुलिस स्टेशनों और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम करेगा ताकि तेज और प्रभावी निवारण सुनिश्चित किया जा सके। सीपी धनप्रीत कौर ने महिलाओं की सुरक्षा और सामुदायिक-केंद्रित पुलिसिंग पर पुलिस विभाग द्वारा दिए जा रहे विशेष ध्यान के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र की स्थापना हमारी सक्रिय और पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाती है।

इस उद्घाटन समारोह में एडीसीपी-II आकर्षी जैन, सिविल सर्जन डॉ. राजेश गर्ग, सीजेएम राहुल कुमार आजाद और सखी वन स्टॉप सेंटर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

## एस.सी. कमीशन द्वारा जातिसूचक शब्द प्रयोग करने संबंधी एसएसपी अमृतसर से रिपोर्ट तलब

**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने एक मामले में स्वतः संज्ञान (सू मोटो नोटिस) लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस.एस.पी.) अमृतसर से रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन श्री जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि अमृतसर में अनुसूचित जातियों से संबंधित विभिन्न संगठनों द्वारा एक व्यक्ति को नौकरी से निकाले जाने के विरोध में धरना लगाया गया था। उस धरने के दौरान एक पुलिस अधिकारी द्वारा धरना देने वालों के खिलाफ जातिसूचक शब्दों के प्रयोग करने का मामला सोशल मीडिया तथा प्रिंट मीडिया के माध्यम से उनके ध्यान में आया है। उन्होंने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए इस संबंधी 10 फरवरी, 2026 को एस.पी. हरपाल सिंह को इस मामले संबंधी रिपोर्ट सहित तलब किया गया है।

# पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की

- राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नरों के साथ की गई वीडियो कॉन्फ्रेंस

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज



**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिंदिता मित्रा ने कल शाम राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों-सह-डिप्टी कमिश्नरों के साथ बैठक कर मतदाता सूचियों के प्रबंधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक के दौरान पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता मैपिंग गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्वाचन जानकारी के योजनाबद्ध कवरेज, शुद्धता और समय पर अपडेट सुनिश्चित करने हेतु जिला-वार प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक के अवसर पर उन्होंने स्पष्ट रूप से पहचान में न आने वाली फोटो और गलत प्रविष्टियों से संबंधित मामलों के समाधान पर विशेष जोर देते हुए निर्वाचन फॉर्मों के संग्रह और निपटारे की स्थिति की भी समीक्षा की। इस दौरान जिला अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार ऐसे मामलों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही ई.आर.ओ. नेट पर आवेदनों की लंबित स्थिति (पेंडेंसी) पर भी विस्तृत चर्चा की गई और मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूचियों की एकरूपता एवं शुद्धता बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी तथा आवेदनों के शीघ्र निपटारे की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ईसीआई नेट पर 'बुक ए कॉल' सुविधा के बारे में जागरूकता फैलाने के महत्व पर भी जोर दिया, जिसके तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) पारदर्शी एवं समयबद्ध शिकायत निवारण के लिए मतदाताओं को कॉल-बैक सहायता प्रदान करते हैं।

इसके अतिरिक्त डेमोग्राफिकल सिमिलर एंट्रीज (डीएसई) से संबंधित मुद्दों की भी समीक्षा की गई तथा जिलों को डुप्लीकेट प्रविष्टियों से बचने और निर्वाचन रिकॉर्ड की विशिष्टता सुनिश्चित करने हेतु पूरी सावधानी से सत्यापन करने के निर्देश भी दिए गए।

# 'गैंगस्टरां ते वार' का 17वां दिन: 681 स्थानों पर छापेमारी; 274 गिरफ्तार

- लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के द्वारा गुप्त रूप से गैंगस्टरों से संबंधित जानकारी दे सकते हैं
- 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' के 341वें दिन 95 नशा तस्कर गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज

**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरां ते वार' मुहिम के 17वें दिन, पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के साथियों से जुड़े पहचाने गए और मैप किए गए ठिकानों पर 681 छापेमारियाँ कीं। जानकारी के अनुसार, 'गैंगस्टरां ते वार' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए छेड़ी गई एक निर्णायक जंग 20 जनवरी, 2026 को डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा शुरू की गई थी। इसके तहत सभी जिलों की पुलिस टीमों द्वारा एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से राज्य भर में विशेष कार्रवाइयाँ की जा रही हैं। इस मुहिम के 17वें दिन, पुलिस टीमों ने 274 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 11 जिंदा कारतूस सहित चार हथियार बरामद किए, जिससे मुहिम की शुरुआत के बाद कुल गिरफ्तारियाँ 4,649 हो गई हैं।

इसके अलावा 135 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई, जबकि 248 व्यक्तियों की जांच की गयी और पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों द्वारा कार्रवाई के दौरान 27 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया है। वांछित अपराधियों/गैंगस्टरों के बारे में जानकारी और अपराध व आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना देने के लिए लोग गुप्त रूप से एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के द्वारा संपर्क कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' को 341वें दिन भी जारी रखते हुए आज 95 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 445 ग्राम हेरोइन, 516 नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 39,020 रुपये ड्रग मनी बरामद की है। इसके साथ ही 341 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 47,784 हो गई है। 'डी-एडिक्शन' के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने आज 27 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास के लिए राज़ी किया है।

### श्री गुरु रविदास महाराज जी 649वें प्रकाश पर्व के मौके पर प्रदेश स्तरीय समागम: दूसरे दिन श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम

# डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण रौड़ी, विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल, चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने गुरु चरणों में नवाया शीश

- 6 को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान श्री खुरालगढ़ साहिब में गुरु चरणों में लगाएंगे हाजिरी, पंजाब में शांति, समृद्धि, सद्भाव और भाईचारे के लिए करेंगे अरदास

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज



**होशियारपुर, 5 फरवरी।** श्री गुरु रविदास महाराज जी के 649वें पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री खुरालगढ़ साहिब में आयोजित प्रदेश स्तरीय समागम का दूसरा दिन अत्यंत श्रद्धा, धार्मिक मर्यादा और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री गुरु रविदास महाराज जी मेमोरियल, श्री खुरालगढ़ साहिब में रखे गए श्री अखंड साहिब जी के पावन पाठ में बड़ी संख्या में संगतों ने गुरु चरणों में हाजिरी लगाई और समस्त मानवता के कल्याण, सुख-समृद्धि तथा भाईचारे की कामना की। यह भव्य समागम 6 फरवरी तक चलेगा, जिस दिन श्री अखंड साहिब जी के भोग डाले जाएंगे। समागम के अंतिम दिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भी गुरु चरणों में हाजिरी लगाकर प्रदेश की तरक्की, शांति और सौहार्द की प्रार्थना करेंगे। समागम के दौरान संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस अवसर पर संत बाबा इंदर दास जी (डेरा सत साहिब, मेघोवाल गंजियां), संत महिंदर दास जी, संत प्रेम दास जी तथा संत संजीव दास जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संतों ने श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं—समता, प्रेम, करुणा और मानवता को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण रौड़ी, विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल तथा पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डॉ. जसवीर सिंह गढ़ी ने श्रद्धापूर्वक गुरु चरणों में शीश नवाया और संगतों के साथ अरदास में शामिल होकर प्रदेश व देश की खुशहाली की कामना की। डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण रौड़ी ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी का जीवन समाज को समानता, भाईचारे और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि गुरु जी की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और हमें आपसी सद्भाव, सहिष्णुता तथा सेवा भाव के साथ समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी का संदेश जाति, भेदभाव और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने का है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में श्री गुरु रविदास महाराज जी का 650वां प्रकाश पर्व ऐतिहासिक और भव्य स्तर पर मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने 649वें प्रकाश पर्व के अवसर पर 4 फरवरी से पूरे वर्ष चलने वाले समागमों की श्रृंखला आरंभ की है

उन्होंने कहा कि ऐसे समागम समाज को एकजुट करने, सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने और युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चेयरमैन एससी कमिशन डॉ. जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी ने अपने विचारों और कर्मों से समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई और समानता आधारित समाज की नींव रखी।

इस दौरान डीआईजी जालंधर रेंज नवीन सिंगला, डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन, एसएसपी संदीप मलिक, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) निकास कुमार, एसडीएम मुकेरियां ओएशी मंडल, एसडीएम गढ़शंकर संजीव कुमार, एसडीएम दसूहा कंवलजीत सिंह, एसडीएम टांडा लवप्रीत सिंह, सहायक कमिश्नर परमप्रीत सिंह के अलावा अन्य सिविल व पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

# सरकारी स्कूलों ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मेडिटेशन को अपनाया: हरजोत बैंस

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज



**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि मोहाली जिले के सरकारी अपर-प्राइमरी स्कूलों ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक बड़ी और नवीन पहल करते हुए 'रोजाना मेडिटेशन प्रोग्राम' की शुरुआत की है। श्री हरजोत सिंह बैंस और आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के प्रभारी श्री मनीष सिसोदिया ने आज मोहाली में एक वर्कशॉप के दौरान स्कूल प्रमुखों और प्रिंसिपलों के साथ विचार-विमर्श किया। शिक्षा मंत्री ने छात्रों की तंदरुस्ती बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किए गए 'रोजाना मेडिटेशन प्रोग्राम' के क्रियान्वयन और प्रभावों के बारे में वर्कशॉप में मौजूद लोगों को अवगत करवाया। श्री बैंस ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में लागू की गई इस पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रमुखों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छात्र अब शांत, एकाग्र और भावनात्मक रूप से मजबूत हो रहे हैं। श्री बैंस ने दोहराया कि राज्य सरकार की योजना है कि ऐसी सकारात्मक पहलें पूरे सूबे में लागू की जाएं। ''न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एन.आई.एल.पी.)'' जैसे शैक्षिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि यह पायलट प्रोजेक्ट 19 जनवरी, 2026 को शुरू किया गया था। इसके तहत रोजाना अभ्यास में सुबह की सभा के बाद 30 मिनट का मेडिटेशन सत्र करवाया जाता है। एकरूपता और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए जिले के स्कूलों में साढ़े इक्कीस (21½) मिनट का ध्यान मॉड्यूल प्रसारित और लागू किया गया है। शिक्षकों से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा, 'सच्ची शिक्षा केवल शैक्षणिक ज्ञान के बारे में नहीं है, बल्कि लचीले, भावनात्मक रूप से दृढ़ और एकाग्र व्यक्तियों पर केंद्रित होती है। यह नवीन पहल हमारे छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य में एक सचेत निवेश है। शुरुआती फीडबैक मानसिक स्थिरता में वृद्धि और एकाग्रता को दर्शाता है। यह पंजाब भर में एक अधिक सहायक और सकारात्मक शिक्षण वातावरण बनाने में हमारे विश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है।'

श्री मनीष सिसोदिया ने इस बात पर जोर दिया कि ध्यान करने से हमारी मानसिक और भावनात्मक सेहत में सुधार होता है। उन्होंने स्कूल नेताओं से अपील की कि वे रोजाना मेडिटेशन प्रोग्राम को पूरे मन से लागू करें और यह सुनिश्चित करें कि इसका लाभ हर एक छात्र तक पहुंचे, ताकि उनके समग्र विकास और तंदरुस्ती में वृद्धि हो सके। डीईओ (सेकेंडरी) मोहाली डॉ. गिन्नी दुग्गल ने हिस्सा लेने वालों का स्वागत किया और कार्यक्रम के लाभों पर प्रकाश डाला।

### कनाडाई प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के वित्त मंत्री से की मुलाकात

# पंजाब सतत विकास पर केंद्रित नवाचार-प्रेरित वैश्विक सहयोग के लिए तैयार: चीमा

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज



**चंडीगढ़, 5 फरवरी 2026।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बीती शाम पंजाब भवन में कनाडा के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मेज़बानी की। नई दिल्ली स्थित कनाडा के उच्चायोग के औपचारिक अनुरोध पर आयोजित इस बैठक के दौरान पंजाब और अल्बर्टा प्रांतों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने तथा आर्थिक साझेदारी बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

कनाडाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अल्बर्टा सरकार की स्वदेशी संबंधों की मंत्री राजन साहनी ने किया। उनके साथ प्रीमियर कार्यालय के स्टेकहोल्डर्स एडमिनिस्ट्रेटर जतिंदर सिंह ततला, अल्बर्टा की यूनाइटेड कंजरवेटिव पार्टी के नेता के वरिष्ठ सलाहकार हैप्पी मान, स्वदेशी संबंध विभाग की कार्यवाहक संचालन निदेशक जेनेवीव टरकोट, जग रूप कलों, जसविंदर ग्रेवाल तथा पुनीत कुमार गोयल भी शामिल थे।

बैठक के दौरान 'इन्वेस्ट पंजाब' के अधिकारियों ने राज्य में उपलब्ध विभिन्न निवेश अवसरों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। वीडियो और पावरपॉइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल को पंजाब के औद्योगिक ढांचे तथा राज्य सरकार द्वारा 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई।

अल्बर्टा सरकार की मंत्री रजन साहनी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल 'इन्वेस्ट पंजाब' की कार्यप्रणाली को समझने के लिए उत्सुक है और हम औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने हेतु पंजाब सरकार द्वारा अपनाई गई सक्रिय नीति की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की यह यात्रा 'इंडिया एनर्जी वीक' से जुड़े प्रतिनिधिमंडल के व्यापक भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दौरान सहयोग के नए मार्ग

### पंजाब ऐसे सार्थक सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां स्थापित करने के लिए पंजाब की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि ये साझेदारियां केवल व्यापार तक सीमित न होकर सतत विकास और साझा समृद्धि पर केंद्रित हों। उन्होंने कहा कि पंजाब ऐसे सार्थक सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है जो दोनों प्रांतों के लिए लाभकारी हो और नवाचार-आधारित विकास के माध्यम से आर्थिक संबंधों को और मजबूत करे। इस अवसर पर वित्त मंत्री के साथ मिल्कफेड के चेयरमैन नरेंद्र सिंह शेरगिल, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर, उद्योग सचिव महेंद्र पाल, इन्वेस्ट पंजाब के अतिरिक्त सीईओ रुबिंदरजीत सिंह बराड़ तथा बिजली विभाग की विशेष सचिव डॉ. सईद सहरिश असगर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह बैठक सहयोग, नवाचार और आपसी विश्वास के आधार पर अल्बर्टा और पंजाब के बीच एक मजबूत आर्थिक गलियारा विकसित करने के साझा संकल्प पर केंद्रित रही।

# राष्ट्रीय खेल पदक विजेताओं को सम्मानित करेगी सरकार : गौरव गौतम

- खेल विभाग करेगा सीएम कप का आयोजन, 3500 खिलाड़ी लेंगे भाग
- अभी तक खिलाड़ियों को दिए 709 करोड़
- पदमश्री सविता पूनिया भी होंगी सम्मानित




पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज

**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति के तहत सरकार द्वारा 9 फरवरी को गुरुग्राम में समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा उत्तराखंड में हुए 38वें राष्ट्रीय खेल पदक विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा और सीएम कप-2025 का भी शुभारंभ किया जाएगा।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सम्मान समारोह में राष्ट्रीय खेलों के 48 स्वर्ण, 47 रजत और 58 कांस्य पदक विजेताओं के साथ-साथ खेलों में भागीदारी करने वाले कुल 689 खिलाड़ियों, कोचों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय हाकी में उत्कृष्ट योगदान देने व हाल ही में पदमश्री अवार्ड से सम्मानित खिलाड़ी सविता पूनिया को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक लगभग 709 करोड़ रुपये की राशि 16970 खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार एवं प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जा चुकी है। वर्ष 2025-2026 के दौरान 662 खिलाड़ियों को 109 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि 114 करोड़ की राशि से प्रदेश के खेल स्टेडियमों के कायाकल्प किया जा रहा है, जिसमें से 70 प्रतिशत काम हो चुका है। स्टेडियम में हुए हादसों पर खेल मंत्री ने कहा कि विभाग के दो उपनिदेशकों की डयूटी लगाई गई है, जो अपनी विस्तृत रिपोर्ट देंगे। केंद्रीय बजट में खेलो इंडिया मिशन शुरू करने का स्वागत करते हुए गौरव गौतम ने कहा कि इसका सीधा लाभ हरियाणा को मिलेगा। हरियाणा बजट के संबंध में खेल मंत्री ने कहा कि पिछले साल 100 करोड़ का बजट मिला था। जिसमें से 70 प्रतिशत का इस्तेमाल हो चुका है।

खिलाड़ियों को नौकरी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने कार्यकाल में 44 नौकरी नहीं दे पाई तो वहीं दस सालों में खेल विभाग में 241 खिलाड़ियों को नौकरी देने का काम किया है।

# शिक्षा व स्किल डेवलपमेंट में कनाडा के साथ कारोबार को बढ़ाएगा हरियाणा

- कनाडाई प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज



**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** हरियाणा सरकार शिक्षा व स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में कनाडा के साथ कारोबार को बढ़ावा देगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बीती रात चंडीगढ़ में कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी के नेतृत्व में आए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच निवेश, नवाचार, शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा के बड़ी संख्या में छात्र कनाडा में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक सहयोग दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र बन गया है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि हरियाणा सरकार द्विपक्षीय सहयोग, शैक्षणिक आदान-प्रदान और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने वाले सभी विषयों को अपना पूरा समर्थन प्रदान करेगी। बैठक के दौरान उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान हरियाणा में कनाडा विश्वविद्यालय के परिसर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी ने हरियाणा के औद्योगिक विकास, नवाचार और मानव संसाधन विकास से जुड़ी नीतियों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने अल्बर्टा के उन्नत कौशल विकास तंत्र और शिक्षा एवं रोजगार के संबंध में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें मुख्य रूप से कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा और उद्योग आधारित कार्यक्रमों में साझेदारी पर भी मंथन हुआ ताकि हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके। इसके साथ-साथ प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग, कृषि, लॉजिस्टिक्स और मुक्त व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार सांझा किए।

## जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी मुख्यमंत्री से मिले



**कुरुक्षेत्र।** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास पर मिले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जग ज्योति दरबार के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र पुरी का स्वागत किया तो महंत राजेंद्र पुरी ने मुख्यमंत्री की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनता के बीच रहते हैं। लोगों की समस्याओं को सीधे सुनते हैं तथा समाधान करते हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को इस मौके पर सुपुत्र के विवाह के लिए विधिवत निमंत्रण दिया। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात अवसर पर आध्यात्मिक गरिमा और सामाजिक सौहार्द का सुंदर समन्वय देखने को मिला। मुलाकात के दौरान धर्म, संस्कृति और समाज सेवा से जुड़े विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। यह भेंट आध्यात्मिक नेतृत्व और प्रदेश के शीर्ष प्रशासनिक नेतृत्व के बीच आपसी सम्मान, सहयोग और सद्भाव का सशक्त संदेश देती नजर आई। महंत राजेंद्र पुरी ने मुख्यमंत्री को विवाह उत्सव में पधारकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और महंत राजेंद्र पुरी को परिवार सहित शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अजय राठी, विजय राठी, अक्षय राठी एवं मनप्रीत सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।

## सरकार द्वारा गठित कमेटी की पहली बैठक आज

# आज से शुरू होगी श्रम विभाग के वर्क स्लिप घोटाले की जांच

- श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने ही विभाग में उजागर किया था घोटाला



पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज

**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** हरियाणा में हालही में चर्चा में आए श्रम विभाग के 1500 करोड़ के वर्क स्लिप घोटाले की जांच के लिए गठित कमेटी की पहली बैठक शुक्रवार को चंडीगढ़ में होने जा रही है। हालांकि यह बैठक तय समयावधि के बाद हो रही है। क्योंकि मुख्यमंत्री द्वारा कमेटी का गठन करते समय एक माह के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया था।

श्रम मंत्री अनिल विज ने दिसंबर में इस घोटाले को उजागर किया था। उन्होंने बताया था कि शुरू में हिसार, कैथल, जींद, सिरसा, फरीदाबाद और भिवानी जिलों में जांच की गई, जहां बहुत सारी गड़बड़ियां मिलीं। विभागीय जांच लगभग 4 महीने पहले शुरू हुई थी और अब तक 13 जिलों में 100 प्रतिशत जांच पूरी हो चुकी है। 13 जिलों में कुल 5 लाख 99 हजार 758 वर्क स्लिप जारी की गई थीं, जिनमें से सिर्फ 53 हजार 249 ही सही पाई गई। बाकी 5 लाख 46 हजार 509 वर्क स्लिप गलत निकलीं। इसी तरह, कुल 2 लाख 21 हजार 517 मजदूरों के नाम दर्ज थे, लेकिन जांच के बाद सिर्फ 14 हजार 240 ही सही पाए गए, जबकि 1 लाख 93 हजार 756 मजदूरों के नाम फर्जी निकले। इसका मतलब है कि बहुत बड़ी संख्या में गलत वर्क स्लिप और फर्जी मजदूरों के नाम दर्ज किए गए थे।

आरोपों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आईएएस पंकज अग्रवाल की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया था,जिसमें आईएएस राजीव रतन, और आईपीएस पंकज नैन सदस्य हैं। एक माह बाद भी कमेटी अपनी रिपोर्ट नहीं दे सकी है। इसका बड़ा कारण कमेटी में शामिल अधिकारियों के पास एक से अधिक विभागों की जिम्मेदारी होना है। विभागों की लगातार हो रही मीटिंगों के कारण अधिकारी इस जांच को लेकर समय नहीं दे पाए। सरकार ने कमेटी का गठन तो कर दिया है लेकिन जांच का स्वरूप तय नहीं किया।

आईएएस पंकज अग्रवाल के अनुसार बजट सत्र की तैयारियों के कारण सभी अधिकारी व्यस्त हैं। इसके बावजूद 6 फरवरी शुक्रवार को कमेटी की पहली औपचारिक मीटिंग बुलाई गई है। इस मीटिंग की सूचना कमेटी में शामिल सभी सदस्यों को दे दी गई है।

## एचपीएससी ने जारी किया पीजीटी कंप्यूटर साइंस का परिणाम

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग ने पीजीटी कंप्यूटर साइंस का सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट परिणाम जारी कर दिया गया है। गुरुवार को जारी परिणाम के अनुसार करीब पांच हजार अभ्यर्थियों में से केवल 39 पास हुए हैं। आयोग हरियाणा और मेवात कैडर के लिए 1711 पोस्ट के लिए भर्ती प्रक्रिया चला रहा है। हरियाणा लोक सेवा आयोग के द्वारा साल 2023 में हरियाणा कैडर के 1633 व मेवात कैडर के 78 पोस्ट के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की।

हरियाणा कैडर के 1633 पदों में 898 पद जनरल, 327 एससी, 163 बीसीए, बीसी बी, 163 ईडब्ल्यूएस के लिए रिजर्व किए गए थे। वहीं मेवात कैडर के 78 पदों में से 43 जनरल, 15 एससी, 8 बीसीए, 4 बीसी बी व 8 पद ईडब्ल्यूएस के लिए रिजर्व किए गए। जिसके लिए 15 जून को प्री परीक्षा का आयोजन किया गया था। पीजीटी कंप्यूटर साइंस भर्ती परीक्षा में भी 35 प्रतिशत क्राइटेरिया नियम का साफ असर दिखाई दे रहा है। क्योंकि करीब 5 हजार कैंडिडेट में से 39 पास हुए हैं। जो 1711 पद के मुकाबले 2.45 प्रतिशत है। ऐसे में करीब 98 प्रतिशत पद खाली रहेंगे। इससे पहले भी काफी भर्तियां ऐसे रहीं हैं, जिसमें कैंडिडेट पद से कई गुना कम पास हुए हैं।

# उत्तरप्रदेश की शिक्षिका को बुलाकर करनाल में किया रेप

## पैसों के लेन देन को लेकर शुरू हुआ विवाद

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज

**करनाल, 5 फरवरी।** जिले के सिविल लाइन थाना में गाजियाबाद (यूपी) की एक महिला टीचर की शिकायत पर ठगी, छेड़छाड़, रेप के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से न केवल उससे लाखों रुपए और एक कार से जुड़ी ठगी की, बल्कि पैसे मांगने पर उसे लगातार धमकाया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और उसकी इज्जत से भी खिलवाड़ किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**2021 में शुरू हुआ था लेनदेन:** गाजियाबाद की रहने वाली शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 में करनाल के गीता कॉलोनी में रहने वाले सतेन्द्र उर्फ सन्नी शर्मा ने संगठित और योजनाबद्ध तरीके से उससे 6 लाख 50 हजार रुपए और एक ऑल्टो कार से संबंधित ठगी की। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी ने फोन पर गाली-गलौज करनी शुरू कर दी और लगातार जान से मारने की धमकियां देने लगा। इससे वह मानसिक तनाव और भय में रहने लगी।महिला ने आरोप लगाया कि पैसे के लेनदेन के दौरान आरोपी ने कई बार उसके साथ अश्लील हरकतें की। उसने अनुचित तरीके से उसकी छाती और कमर पर हाथ रखा। एक बार आरोपी ने उसे बैंक कॉलोनी बुलाया, जहां उसके साथ प्रताड़ना की गई। महिला का कहना है कि आरोपी ने उसके साथ रेप करने का प्रयास भी किया और मारपीट करने की कोशिश की, जिससे उसे गंभीर शारीरिक और मानसिक आघात पहुंचा।

### शिकायत देने करनाल आना पड़ा

पीड़िता ने बताया कि वह एक टीचर है और उसकी एक व्यक्तिगत के साथ-साथ सामाजिक गरिमा भी है। इस तरह की घटनाओं से उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। उसने यह भी कहा कि आरोपी की हरकतों के सबूत उसके पास मौजूद हैं और पहले भी कई बार शिकायत करने की कोशिश की गई, लेकिन हर बार उसे गाजियाबाद से करनाल आना पड़ा, जिससे उसे मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

सिविल लाइन थाना प्रभारी रामलाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी सतेन्द्र उर्फ सन्नी शर्मा के खिलाफ छेड़छाड़, रेप के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का दर्ज किया गया है। शिकायत में लगाए गए पैसे के लेनदेन से जुड़े आरोपों की भी तस्दीक की जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है। दर्ज किया गया है। शिकायत में लगाए गए पैसे के लेनदेन से जुड़े आरोपों की भी तस्दीक की जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## हिस्सेदारी में प्लाट खरीदने के नाम पर 28 लाख की धोखाधड़ी (ठगी) करने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत, 5 फरवरी।** हिस्सेदारी में प्लाट की खरीद फरोख्त में मुनाफे का झांसा देकर दोस्त से 28 लाख की धोखाधड़ी (ठगी) करने मामले में आरोपी ने बुधवार को माननीय न्यायालय में सरेंडर किया। सीआईए वन पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए माननीय न्यायालय से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। आरोपी की पहचान विकास नगर निवासी हरि कृष्ण के रूप में हुई है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम द्वारा उसके संभाविक ठीकानों पर दबिश दी जा रही थी।

सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी हरि कृष्ण ने हिस्सेदारी में प्लाट खरीदने के नाम पर विकास नगर एनएफएल टाउनशिप निवासी अपने दोस्त प्रदीप रावल से 28 लाख रूपए ठगी करने की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। पुलिस ने वीरवार को पूछताछ के बाद रिमांड अवधी पूरी होने पर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विकास नगर एनएफएल टाउनशिप निवासी प्रदीप रावल पुत्र अतर सिंह रावल ने शिकायत देकर बताया था कि विकास नगर निवासी हरि कृष्ण, उसकी पत्नी व बेटे की हमारे परिवार के साथ जांन पहचान थी। हरि कृष्ण ने उसको साझेदारी में एक प्लाट खरीदने की बात कर कहा बाद में प्लाट बेचकर जो मुनाफा होगा हिस्सेनुसार बाट लेगे।

## विधानसभा के बजट सत्र में उठाएंगे पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दाः विधायक

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज



**कैथल, 5 फरवरी।** पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति कैथल जिला इकाई ने कलायत से विधायक विकास सहारण को कैथल स्थित उनके निवास पर सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। समिति ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है और इसे किसी भी कीमत पर छीना नहीं जाने दिया जाएगा। ज्ञापन पर विधायक विकास सहारण ने आश्वासन दिया कि वे आगामी विधानसभा के बजट सत्र में पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा पूरी मजबूती और राजनीतिक संकल्प के साथ सदन में उठाएंगे। समिति ने सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय पेंशन योजना और प्रस्तावित एकीकृत पेंशन योजना को कर्मचारियों के भविष्य के साथ सबसे बड़ा अन्याय करार दिया। समिति का कहना था कि वर्षों तक ईमानदारी से सेवा देने के बाद कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय असुरक्षा के हवाले करना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। समिति ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना के तहत अंतिम वेतन के आधार पर आजीवन सुनिश्चित पेंशन, महंगाई भत्ता और पारिवारिक पेंशन मिलती है, जिससे कर्मचारी को सम्मानजनक जीवन, सामाजिक सुरक्षा और मानसिक स्थिरता मिलती है। ओपीएस के रहते कर्मचारी बिना किसी भय के शासन-प्रशासन की नीतियों को धरातल पर लागू कर पाता है। इसके विपरीत एनपीएस और यूपीएस को पूरी तरह बाजार आधारित, जोखिमपूर्ण और अनिश्चित बताते हुए समिति ने कहा कि इनमें पेंशन की कोई गारंटी नहीं है। शेयर बाजार की उतार-चढ़ाव का सीधा असर कर्मचारियों की जीवनभर की जमा पूंजी पर पड़ता है, जबकि सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली राशि बुढ़ापे में इलाज, दवाइयों और दैनिक खर्चों के लिए भी नाकाफी साबित हो रही है। समिति ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने बजट सत्र में ओपीएस बहाली को लेकर स्पष्ट और ठोस निर्णय नहीं लिया तो कर्मचारी वर्ग आंदोलन को और अधिक उग्र करेगा। इस मौके पर जिला कार्यकारी प्रधान जितेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान सुरेंद्र माजरा, डॉ. अनुराग विधान, इंजीनियर प्रविन्दर जांगड़ा, वजीर मलिक, लाखन सिंह, राजेश राज राणा, अशोक कुमार, सतबीर जांगड़ा, अमरीक सिंह, मिकेंद्र सिंह, नाहर सिंह मालाखेड़ी, मेवा सिंह, जोगिंदर, काली रामना, राज कपूर, नवजीत संधू, पवन शर्मा, गंगा सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैथल में आज सीएम करेंगे बच्चों से परीक्षा पर चर्चा

**कैथल, 5 फरवरी।** डीसी अपराजिता ने कहा कि शुक्रवार छह फरवरी को शिक्षा निदेशालय द्वारा आरकेएसडी कॉलेज कैथल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बच्चों से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में दिखाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी गंभीरता और निष्ठा के साथ करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और जन स्वास्थ्य विभाग को स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं।

## किसान की खुशहाली से ही हरियाणा की प्रगति संभवः कृष्ण बेदी

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज



**नरवाना, 5 फरवरी।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मौजूदा राज्य सरकार की हर नीति और हर योजना का केंद्र बिंदु किसान कल्याण है। सरकार यह भली-भांति समझती है कि हरियाणा की पहचान एक कृषि प्रधान राज्य के रूप में है और जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक प्रदेश की प्रगति अधूरी रहेगी। इसी सोच को आधार बनाकर केंद्र और राज्य सरकार मिलकर खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में निरंतर ठोस, व्यावहारिक और दूरदर्शी कदम उठा रही हैं।

कैबिनेट मंत्री वीरवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के समय खेती को केवल पारंपरिक फसलों तक सीमित रखा गया, लेकिन मौजूदा सरकार ने कृषि नीति में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए किसानों को नए विकल्प दिए हैं। अब गेहूं और धान के साथ-साथ फल, फूल, सब्जियां, मत्स्य पालन, पटसन, काजू, गरम मसाले जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों और कृषि आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो रही है।

कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें सस्ती दरों पर ऋण सुविधा उपलब्ध करवा रही है। खाद, बीज, कीटनाशक व अन्य आवश्यक कृषि सामग्री की खरीद के लिए केवाईसी आधारित आसान ऋण व्यवस्था लागू की गई है। किसान फसल कटाई और बिक्री के बाद ऋण चुका सकते हैं, जिससे उन पर आर्थिक दबाव नहीं पड़ता। सरकार का लक्ष्य किसानों को साहूकारों के चंगुल से मुक्त कर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि किसानों की आय की सुरक्षा के लिए सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का फैसला किया है।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय तेवतिया ने संभाला कार्यभार



**रोहतक, 5 जनवरी।** जिला न्यायालय परिसर रोहतक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय तेवतिया जी ने अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया उनका स्वागत जिला न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारियों जिसमें अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती संगीता राय सचदेवा, श्रीमती रजनी यादव, संदीप कुमार दुग्गल, , श्रीमती आर्य शर्मा, शैलेंद्र सिंह, कपिल राठी, अनिल कौशिक तथा भूपेंद्र कुमार बार प्रधान, दीपक हुड्डा कार्यकारिणी के सदस्य अधिवक्ताओं एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा बड़े ही उत्साह सम्मान व गर्मजोशी से किया गया पूरे परिसर में स्वागत और उल्लास का माहौल देखने को मिला इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी कार्यभार संभालने के पश्चात प्राधिकरण के अध्यक्ष ने समाज के गरीब वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रोहतक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की।



# रानी मुखर्जी से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक, इन अभिनेत्रियों ने निभाया पुलिस का दमदार किरदार

**सिनेमाघरों में रानी मुखर्जी की अदाकारी वाली फिल्म मर्दानी 3 रिलीज हो चुकी है। दर्शक फिल्म पर मिलीजुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस फिल्म में रानी मुखर्जी ने पुलिस ऑफिसर का दमदार किरदार निभाया है। फिल्म में वह मानव तस्करी गिरोह का पर्दा फाश करती हैं। आज हम उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने फिल्मों में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है।**

### मर्दानी, मर्दानी 2

मर्दानी फेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म मर्दानी (2014) में रानी मुखर्जी ने शिवानी शिवाजी नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। इसमें वह एक लापता लड़की की तलाश करती हैं। केस को हल करते हुए वह चाइल्ड ट्रैफिकिंग की दुनिया में पहुंचती हैं। इसी तरह से मर्दानी 2 (2019) में भी रानी मुखर्जी ने एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया। इसमें वह एक ऐसे व्यक्ति को पकड़ने की कोशिश करती हैं जो मासूम महिलाओं के साथ दुष्कर्म करता है और उनका कत्ल कर देता है। दोनों फिल्मों की कामयाबी के बाद मर्दानी 3 (2026) बनी है।



### दृश्यम, दृश्यम 2

फिल्म दृश्यम (2013) में तब्बू ने एक पुलिस ऑफिसर मीरा देशमुख का किरदार निभाया है। इसमें वह अपने बेटे को ढूंढती हैं। उनका बेटा अजय देवगन की बेटी के साथ कुछ गलत करना चाहता है लेकिन धोखे से उसकी मौत हो जाती है। फिल्म में तब्बू का सामना अजय देवगन से होता है। दृश्यम 2 (2022) में यही कहानी आगे बढ़ती है। पुलिस के किरदार में तब्बू अपने बेटे को ढूंढने के लिए अक्षय खन्ना को लेकर आती हैं। इस बार भी वह अजय देवगन से मात खा जाती हैं। दोनों फिल्मों में तब्बू के किरदार की तारीफ हुई है।



### जय गंगाजल

प्रकाश झा के निर्देशन में बनी फिल्म जय गंगाजल (2016) में प्रियंका चोपड़ा ने आभा माथुर नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म में वह ताकतवर गुंडों का सामना करती हैं। पुलिस के किरदार में प्रियंका चोपड़ा को खूब सराहा गया।

### सोनी

फिल्म सोनी (2018) में गीतिका विद्या ओल्यान ने सोनी नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। फिल्म में दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों से लड़ने की कहानी दिखाई गई है। इसके अलावा फिल्म पुलिस विभाग में पितृसत्तात्मक चुनौतियों को चित्रित करती है। फिल्म में गीतिका के किरदार को पसंद किया गया।

### कटहल

फिल्म कटहल (2023) में सान्या मल्होत्रा ने महिमा बोर्से नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक विधायक के घर से दो कीमती कटहल गायब हो जाते हैं। यह केस गरीब माली की लापता बेटी के अपहरण से जुड़ा होता है। फिल्म में सान्या के पुलिस वाले किरदार को खूब पसंद किया गया।





# हर इश्क परफेक्ट नहीं होता पर काफी होता है, दो दीवाने सहर में मृणाल संग सिद्धांत चतुर्वेदी का प्यार चढ़ेगा परवान

हर इश्क परफेक्ट नहीं होता पर काफी होता है, अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अपकमिंग फिल्म दो दीवाने सहर में की रिलीज को अब कुछ ही समय बाकी है। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर के साथ एक रोमांटिक किरदार निभा रहे सिद्धांत एक सॉफ्ट और भावनात्मक लवर-बॉय की भूमिका में दिखेंगे। शुक्रवार को अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इसमें दोनों एक दूसरे के साथ खोए नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने पोस्ट कर लिखा, रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों को वापस लाना, क्या यह वर्तमान समय की जरूरत है या सिर्फ मुझे ऐसा लग रहा है? सिद्धांत के पोस्ट करने के बाद फैंस के बीच यह चर्चा शुरू होने लगी है कि क्या रोमांटिक फिल्मों का दौर फिर से लौट रहा है, हालांकि सोशल मीडिया पर शेयर किए गए सिद्धांत के पोस्ट के साथ तस्वीरों से साफ पता चल रहा है कि यह फिल्म हल्की-फुल्की रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी। यही वजह है कि कई दर्शकों ने सिद्धांत की इस बात से सहमति जताते हुए फील-गुड रोमांटिक फिल्मों की वापसी का स्वागत किया है। दो दीवाने सहर में एक आधुनिक प्रेम कहानी है, जिसमें पुराने जमाने के रोमांस की झलक भी देखने को मिलेगी। वहीं फैंस भी सिद्धांत और मृणाल को एक साथ रोमांटिक अंदाज में देखने के लिए बेताब हैं। इससे पहले फिल्म का टीजर और इसका गाना आस्मा जारी हो चुका है, जिसे देखकर फैंस और भी ज्यादा फिल्म को देखने के लिए उत्साहित हैं। अब देखना होगा कि सिद्धांत और मृणाल की केमिस्ट्री दर्शकों के दिलों में जगह बना पाएगी कि नहीं। रवि उद्यावर द्वारा निर्देशित फिल्म दो दीवाने सहर में को संजय लीला भंसाली प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसमें प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार भी हैं। फिल्म की कहानी एक अनोखे और खूबसूरत रोमांस को दर्शाती है। फिल्म में अन्य कलाकारों में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता, आयेशा रजा, संदीपा धर समेत कई नाम शामिल हैं। यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






# शिव मेरे लिए बेहद खास, इसीलिए छाप तिलक गाना दिल के बहुत करीब

एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अब एक्ट्रेस से सिंगर बनने की राह पर हैं। राशा ने हाल ही में सिंगिंग डेब्यू किया है। उनके डेब्यू सॉन्ग का टाइटल छाप तिलक है, जिसे राशा ने अपने दिल के बेहद करीब बताया। राशा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया, जिसमें वह भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा जताती और खास गाने छाप तिलक से जुड़ी अपनी भावनाओं को व्यक्त करती नजर आईं। राशा ने पोस्ट में लिखा, शिव हमेशा मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। छाप तिलक एक ऐसा गाना है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। इसके साथ ही राशा ने गाने की कुछ लाइन का शिव से कनेक्शन करते हुए लिखा, मैं तो छाप तिलक छोड़ चली रे—ब्रह्मांडीय नर्तक नटराज को अपनी कला और अपना तिलक अर्पित करना। मैं तो आज फलक ओढ़ चली रे—उसका ब्रह्मांड मुझे हमेशा घेरे रहता है। मेरे मन के ताल पर बाजे डमरू—शिव की डमरू की थाप और लय हमेशा मेरे दिल में रहती है। आभारी हूं शिव ओम नमः शिवाय। राशा महादेव की परम भक्त हैं। वह अपनी मां रवीना टंडन के साथ अक्सर शिवालय जाती रहती हैं। वह देश भर के हिस्सों में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग में से कई के दर्शन भी कर चुकी हैं।

राशा थडानी ने साल 2025 में एक्ट्रेस के तौर पर आजाद फिल्म के साथ डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में असफल रही और फ्लॉप हो गई थी, लेकिन अब उन्होंने सिंगिंग में कदम रखा है। राशा ने इंस्टाग्राम पर स्टूडियो का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह गाने को रिकॉर्ड करते हुए नजर आईं। इस सिंगिंग डेब्यू की तारीफ बाहुबली फेम सुपरस्टार प्रभास ने भी की है। फिलहाल, राशा अपनी एक्ट्रेस की जर्नी भी जारी रख रही हैं। वह जल्द ही फिल्म लइका लइकी में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म से वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आएंगी।

# तेरे इश्क में के बाद धनुष की 55वीं फिल्म का एलान

धनुष ने हाल ही में अपनी 55वीं फिल्म का एलान किया है, जिसका अस्थाई नाम डी55 है। निर्माताओं ने स्टार कास्ट की घोषणा भी कर दी है। निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की अगली फिल्म में धनुष के साथ मुख्य भूमिका में यह अभिनेत्री पहली बार नजर आएंगी। राजकुमार पेरियासामी पहले अमरन फिल्म बना चुके हैं। धनुष की आगामी फिल्म का अस्थाई नाम डी55 है। यह अस्थाई नाम इसलिए डी55 रखा गया है क्योंकि यह धनुष की 55वीं फिल्म हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मुख्य अभिनेत्री के रूप में श्रीलीला नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार पेरियासामी करेंगे।

धनुष और श्रीलीला पहली बार किसी फिल्म में एक साथ नजर आने वाले हैं। डी55 एक बड़ा प्रोजेक्ट है। धनुष अपनी कंपनी वंडरबार फिल्म्स के साथ आर टेक स्टूडियोज को मिलकर इसे बना रहे हैं। फिल्म का निर्माण अभी मुंबई में चल रहा है। शूटिंग 2026 के आखिर तक पूरी होने की उम्मीद है।





# श्रिया सरन ने दृश्यम फेंचाइजी के आखिरी पार्ट को लेकर जताई खुश

क्राइम-थ्रिलर 'दृश्यम' अपने तीसरे पार्ट के साथ फिर लौट रही है। 'दृश्यम 3' मलयालम के साथ हिंदी में भी शुरू हो चुकी है। एक बार फिर विजय सालगांवकर (अजय देवगन) अपनी फैमिली के साथ वापस लौट रहे हैं। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री श्रिया सरन काफी उत्साहित हैं। उन्होंने इस फेंचाइजी के अपने सफर को इमोशनल बताते 'दृश्यम 3' के बारे में बात की है।

### दस साल पहले शुरू हुई थी पहले पार्ट की शूटिंग

इंडिया टुडे के साथ बात करते हुए श्रिया सरन ने 'दृश्यम 3' को लेकर खुशी जताई। 'दृश्यम' की दुनिया में अपनी भूमिका को फिर से निभाने के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। इस बार, कहानी असाधारण रूप से अच्छी तरह से लिखी गई है, बहुत कसी हुई और दिलचस्प है। यह फेंचाइजी का आखिरी पार्ट है। हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं। यह मेरे लिए एक बेहद भावुक सफर है क्योंकि जब मैंने हाल ही में फिल्म देखी, तो मुझे एहसास हुआ कि पहला भाग दस साल से भी पहले शूट किया गया था। हम सब बहुत बदल गए हैं। मैं तब से बहुत बदल गई हूं।'

### इस वजह से बाकी फिल्मों से अलग है 'दृश्यम'

श्रिया ने बताया कि दृश्यम को जो बात सबसे अलग बनाती है, वह सस्पेंस जॉनर में कहानी को अलग तरह से कहने की कला है। मुझे याद नहीं कि किसी मिस्ट्री फेंचाइजी के तीन पार्ट हों। हमने ड्रामा सीरीज तो देखी हैं, लेकिन एक मिस्ट्री फेंचाइजी, जिसमें पूरी कहानी एक छोटी सी घटना के इर्द-गिर्द घूमती हो, यह कमाल है। यकीन मानिए तीसरा पार्ट बेहद दिलचस्प है। इस दौरान उन्होंने 'दृश्यम 3' के एक बड़े ट्विस्ट की ओर भी इशारा किया।

### मलयालम से अलग है हिंदी वर्जन

श्रिया सरन का मानना है कि मलयालम और हिंदी की 'दृश्यम' में अंतर है। यही कारण है कि फिल्म हर भाषा में अलग अनुभव देती है और पसंद की जाती है। उन्होंने कहा कि हिंदी 'दृश्यम 2' मलयालम वर्जन से बहुत अलग थी। यहां तक कि हिंदी 'दृश्यम 3' भी मलयालम वाली फिल्म से काफी अलग है।



# आलिया भट्ट ने की रोमांटिक कॉमेडी डोंट बी शाय की घोषणा, बहन शाहीन के साथ मिलकर करेंगी निर्माण

आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय। यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आलिया ने अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर किया है।



### प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी डोंट बी शाय

आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...। दरअसल, यह एक ऐसी कहानी जिसके साथ आप बड़े होते हैं।

### सेलेब्स और फैंस के कमेंट्स

आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने, फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, अब तक की सबसे प्यारी घोषणा, एक फैन ने लिखा, आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है, दूसरे फैन ने लिखा, यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।

### कब रिलीज होगी लव एंड वॉर

आलिया भट्ट लव एंड वॉर में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com